सी एफ डी ए वी गड़ेपान में वेद सप्ताह सपन्न

वेद का ज्ञान सूर्य के प्रकाश के समान है।

डी ए वी पब्लिक स्कूल गड़ेपान कोटा के प्रांगण में वेद प्रचार सप्ताह के समापन समारोह के मुख्य अतिथि ज्ञानी गुरूनाम सिंह रहे। जिनके साथ जिला प्रधान श्री अर्जुन देव जी चड्ढ़ा, प्राचार्या श्रीमती अंजू उत्तरेता, तलवंड़ी आर्य समाज के प्रधान श्री आर.सी.आर्य एवं आर्य समाज भीममंड़ी के प्रधान श्री प्रेमनाथ कौशल उपस्थित रहे। सर्वप्रथम विद्यालय के बालकों द्वारा अतिथियों का स्वागत स्वस्तिवाचन मंत्रों के द्वारा किया गया एवं सभी को राजस्थान की आन व बान शान की प्रतीक पगड़ी पहनाकर एवं माल्यार्पण द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर बच्चों ने स्वागत गीत एवं भजन भी प्रस्तुत किए।

आर्य समाज के जिला प्रधान श्री अर्जुन देव जी चड्ढा जी ने सभा को संबोधित किया जिसमें उन्होंने विद्यालय परिवार के शिक्षक–शिक्षिकाओं एवं बच्चों की श्रद्धा का गुणगान करते हुए उन्हें वेद प्रचार सप्ताह की सफलता पूर्वक आयोजन हेतु बधाई दी एवं भारतीय जनजीवन में तथा वैदिक संस्कृति में विशेष संबंध बताते हुए संसार की सबसे प्राचीनतम पुस्तक वेद पर अपने विचारों से बालकों को लाभान्वित किया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि स्वामी दयानन्द द्वारा लिखित 'सत्यार्थ प्रकाश' हर घर–घर में होनी चाहिए। जिससे हर घर में वेदों का ज्ञान प्रकाशित होता रहे।

इसके बाद ज्ञानी गुरूनाम सिंह जी ने वेदों की महिमा एवं वेदों का मानव जीवन में उपयोग विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए अपने विचार प्रकट किये। साथ ही कहा कि बालकों को अपने गुरूजनों का सत्कार करना परम आवश्यक है तथा वेद का ज्ञान सूर्य के प्रकाश के समान है। जिस प्रकार सूर्य की किरणों से अंधकार दूर होता है उसी प्रकार वेद रूपी ज्ञान की किरणों से अज्ञान रूपी अंधकार, कुरीतियों तथा बुराइयों का नाश होता है। इसलिए मानव जाति के लिए वेदों में छिपी गहराई को समझना आवश्यक है।

प्राचार्य श्रीमती अंजू उतरेजा द्वारा सभा को संबोधित करते हुए कहा हमें गर्व है कि हम डी ए वी संस्था का एक हिस्सा है जो कि भारत की सबसे पुरानी व बड़ी शिक्षण संस्था है। दयानन्द की मशाल अब डी ए वी के प्रधान पूनम सूरी जी के हाथ में है जिन्होंने देश के कोने–कोने में शिक्षा का प्रचार करने का बीड़ा उठाया है। ओउम् विश्वानि देव............ के मंत्र द्वारा प्राचार्या ने अपना उद्बोधन सम्पन्न किया।

प्रतियोगिता में विजयी बालकों को पुरस्कार वितरण किये गये।

तदुपरान्त प्राचार्य महोदया ने शॉल औढा कर एवं श्रीफल भेंट करके अतिथियों का सम्मान किया।

अंजू उतरेजा
प्रधानाचार्या
सीएफ डीएवी पब्लिक स्कूल, गड़ेपान कोटा (राज.